उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः– 18.03.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांकः- 18.03.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक:- 18.03.2026**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## कानून-व्यवस्था एवं बैंकिंग सुरक्षा के दृष्टिगत महोबा पुलिस द्वारा बैंक चेकिंग अभियान

आज दिनांक 18.03.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन में, रविवार की साप्ताहिक अवकाश के उपरांत सोमवार को बैंक खुलते ही जनपद महोबा में बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित किया गया।

अभियान के दौरान महोबा पुलिस द्वारा बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने-जाने वाले ग्राहकों तथा वाहनों की सघन जांच की गई। साथ ही बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया गया।

पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बैंक चेकिंग की गई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की गई तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा एवं सतर्कता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही आमजन को साइबर ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग लेन-देन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। महोबा पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।









## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा आरटीसी कोर्स की अंतिम परीक्षा का निरीक्षण, निष्पक्ष व पारदर्शी आयोजन हेतु दिए दिशा-निर्देश





आज दिनांक 18.03.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन महोबा में दिनांक 17.03.2026 से 25.03.2026 तक संचालित रिक्रूट आरक्षियों की आर.टी.सी. कोर्स की अंतर्विषयक अंतिम परीक्षा का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा परीक्षा व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया गया तथा ड्यूटी में नियुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त इंडोर परीक्षाएं निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जाएं तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

परीक्षा में प्रयुक्त की जा रही ओएमआर शीट के संबंध में विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि अभ्यर्थियों को ओएमआर शीट भरने की प्रक्रिया स्पष्ट रूप से समझाई जाए, जिससे किसी प्रकार की त्रुटि न हो। साथ ही ओएमआर शीट का सही तरीके से वितरण, संग्रहण एवं सुरक्षित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए तथा मूल्यांकन प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं त्रुटिरहित हो।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा यह भी सुनिश्चित करने हेतु कहा गया कि परीक्षा के दौरान शुचिता एवं अनुशासन बनाए रखा जाए, जिससे समस्त परीक्षाएं शातिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हो सकें।

इस अवसर पर संबंधित अधिकारीगण एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः- 18.03.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना खरेला की पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के दिशा निर्देशन मे प्रभारी निरीक्षक श्री नन्हेलाल द्वारा गठित टीम के उ0नि0 श्री सत्येन्द्र सिंह मय हमराह हे0का0 प्रदीप कुमार द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 18/25 धारा 126(2),75,288,115(2),352,351(3) बीएनएस से सम्बन्धित एक नफर वांछित अभियुक्त रज्जू भदौरिया उर्फ शिवप्रताप सिंह पुत्र वीरभान सिंह भदौरिया निवासी ग्राम ऐचाना थाना खरेला जनपद महोबा को ग्राम पुपवारा जाने वाले पक्की सड़क मार्ग पर पुपवारा मोड़ पर थाना खरेला जनपद महोबा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया जिसकी जामा तलाशी से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद किया गया जिसके सम्बन्ध मे मुकदमा उपरोक्त मे धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी । अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त उपरोक्त को मा0न्यायालय भेजा जा रहा है ।

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम का विवरणः-**

1.उ0नि0 सत्येन्द्र सिंह

2.हे0का0 प्रदीप कुमार

**बरामदगी का विवरणः-**

एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -**

1. रज्जू भदौरिया उर्फ शिवप्रताप सिंह पुत्र वीरभान सिंह भदौरिया निवासी ग्राम ऐचाना थाना खरेला जनपद महोबा

